# अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) के बारे में आपको जो बातें पता होनी चाहिए

लर्निंग डिसेबिलिटी एसोसिएशन ऑफ पील

के साथ भागीदारी में

रीजनल डॉयवर्सिटी राउंडटेबल ऑफ पील



## आर.डी.आर. क्या है?

रीजनल डॉयवर्सिटी राउंडटेबल (आरडीआर) एक गैर-लाभकारी धर्मार्थ संगठन है, जो ऐसी मानव देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए सामुदायिक संगठनों एवं संस्थानों के साथ संलग्न होकर अग्रणी के रूप में प्रतिबद्ध है, जो न्यायसंगत, सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण, सांस्कृतिक रूप से सक्षम स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं हैं और यह एक अत्याधिक विविधतापूर्ण समुदाय की जरूरतों को पूरा करता है। आरडीआर ने कम्युनिटी लीडरशिप प्रोग्राम विकसित किया है और इसका शुभारंभ किया है और इसके द्वितीय चरण में, वर्तमान में यह सामुदायिक परियोजनाओं को सहयोगात्मक रूप से प्रदान करने के लिए 30 राजदूतों एवं 7 भागीदार संगठनों के साथ काम कर रहा है, जो डीईआई जनादेश को आगे बढ़ाएंगे। समुदाय की परियोजनाओं को सार्थक बातचीत एवं गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रम के प्रतिभागियों के साथ निष्पक्षता और समावेश को बढ़ावा देने के लिए समर्पित प्रत्येक संगठन के संरक्षकों के द्वारा समर्थित किया जाता है, जो पारस्परिक रूप से लाभदायक होते हैं। प्रतिभागी 9 महीने के ट्रेनिंग प्रोग्राम में भी लगे हुए हैं, जो ओटीएफ द्वारा वित्तपोषित दो वर्षीय परियोजना का हिस्सा है।



## एल.डी.ए.पी.आर. क्या है?

लर्निंग डिसेबिलिटी एसोसिएशन ऑफ पील एक गैर-लाभकारी धर्मार्थ संगठन है, जो अधिगम अक्षमताओं (लर्निंग डिसेबिलिटीज) से ग्रस्त बच्चों, युवाओं और वयस्कों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। इसकी ताकत का स्रोत समुदाय है और बच्चों एवं उनके परिवारो को सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सहयोग मिलना सुनिश्चित करने के लिए हम अपने सदस्यों और स्वयंसेवकों पर भरोसा करते हैं जो उन्हें सफलता दिलाने के लिए आवश्यक है।

एल.डी.ए.पी.आर. अपने सहयोगियों के साथ मिलकर अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) वाले लोगों में अधिगम अक्षमताओं के प्रति सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाते हुए, विशेष कार्यक्रमों, सेमिनारों, सहायता समूहों को प्रदान करके अधिगम अक्षमता वाले लोगों एवं उनके परिवारों की मदद करने के लिए काम करता है।

हमारे समुदाय के उदार सहयोग सहित, एल.डी.ए.पी.आर. पील क्षेत्र में उन्हें और उनके परिवारों को संसाधनों एवं मदद प्रदान करने के द्वारा विकसित होने में मदद प्रदान करते हुए यह सुनिश्चित करता है कि उनके कार्यक्रम उन सभी लोगों तक पहुँचते हैं जिन्हें इनकी आवश्यकता है।



“अगर कोई बच्चा उस तरह से नहीं सीख सकता जिस तरह से हम उसे सिखाते हैं तब शायद हमें उस तरह से उसे सिखाना चाहिए जिस तरह से वह सीख सके।”

- इग्नासियो एस्ट्राडा

## अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) क्या होती है?

अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) को निम्नलिखित प्रकार से परिभाषित किया जा सकता है:

यह विविध तरह के विकार हैं, जो समान आयु वर्ग के अन्य बच्चों के समान अपेक्षित स्तर के ज्ञान एवं कौशल को प्राप्त करना मुश्किल बनाते हैं। ये विकार विचार और तर्क करने की अन्य औसत क्षमताओं के साथ, सीखने से संबंधित वैचारिक प्रक्रियाओं में कठिनाइयों के कारण उत्पन्न होते हैं। अधिगम अक्षमताएं (लर्निंग डिसेबिलिटी) विशिष्ट होती हैं और यह बौद्धिक अक्षमताओं से भिन्न होती हैं।

अधिगम अक्षमताएं आनुवंशिक या जैविक कारकों की वजह से होती हैं। यह सांस्कृतिक या भाषागत अंतर, अपर्याप्त निर्देश, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या प्रेरणा की कमी जैसे कारकों के कारण नहीं होती हैं। अधिगम अक्षमताएं अक्सर अन्य समस्याओं के साथ पाई जाती हैं, जिसमें एकाग्रता संबंधी विकार और भावनात्मक विकार, संवेदनात्मक समस्याएं या अन्य समस्याएं शामिल होती हैं।



## सामान्य अधिगम अक्षमताएं (लर्निंग डिसेबिलिटी)



अधिगम अक्षमता की श्रेणी-सीमाएं गंभीर होती हैं और यह निम्नलिखित महत्वपूर्ण कौशलों में से एक या उससे अधिक कौशलों का उपयोग करने में बाधा डालती हैं:

- मौखिक भाषा (जैसे- सुनना, बोलना, समझना)
- पढ़ना (जैसे- (व्याख्या करना, समझना)
- लिखित भाषा (जैसे- वर्तनी, लिखित अभिव्यक्ति)
- गणित (जैसे- गणना करना, समस्या हल करना)

अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) रचनात्मक कौशल, सामाजिक जागरूकता और सामाजिक संपर्क को बनाने में कठिनाइयों का कारण बन सकती है।

इस तरह के विकार आमतौर से आजीवन रहते हैं। हालांकि, इसके प्रभाव वातावरण और व्यक्ति की विशेषताओं के आधार पर समय के दौरान अलग-अलग तरह से प्रकट हो सकते हैं। कुछ दोष किंडरगार्टन के वर्षों के दौरान देखे जा सकते हैं जबकि अन्य दूसरे दोष लंबा समय बीत जाने के बाद भी दिखाई नहीं देते हैं। स्कूल के वर्षों के दौरान, अधिगम अक्षमता को अप्रत्याशित रूप से शैक्षणिक सफलता में खराब प्रदर्शन या उस सफलता के रूप में देखा गया है जो केवल बहुत अधिक प्रयास करने एवं सहायता से ही संभव होता है।

"जाहिर है कि अधिगम अक्षमता वाले लोग अलग तरीके से सीखत हैं। क्या इसका मतलब यह है कि जिस तरीके से वह सीखते हैं वह तरीका गलत है?"

- जोऑन डम

# अधिगम अक्षमताओं के बारे में गलत धारणाएँ



1. अधिगम अक्षमता वाले बच्चों को दी गई सुविधाएं उन्हें अनुचित लाभ देती हैं। उन्हें सिर्फ इसका सामना करना सीखना आवश्यक है।
वास्तविकता:
- आवश्यक सुविधाओं को प्रदान करने से उन्हें उन साधनों को विकसित करने में मदद मिलेगी जो उन्हें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक हैं।
- सुविधाओं के कारण अधिगम अक्षमता वाले लोग उनकी अपनी क्षमता के स्तर तक काम कर लेते हैं न कि उनकी अक्षमता के कारण।

2. सभी अधिगम अक्षमताएं समान होती हैं।
वास्तविकता:
- अधिगम अक्षमताएं जटिल होती हैं। यह हर व्यक्ति में अलग अलग तरह की होती हैं।
- अधिगम अक्षमताएं कई रूपों में आती हैं और सभी को अलग ढ़ंग से प्रभावित करती हैं।
- अलग-अलग वातावरणों में अधिगम अक्षमताओं के प्रभाव में परिवर्तन हो सकता है जो कि स्थिति की मांग पर निर्भर करता है।

3. सभी अधिगम अक्षमताएं का विकास व्यस्क होने पर बढ़ जाता है।
वास्तविकता:
- अक्सर अधिगम अक्षमताएं बचपन में पायी जाती हैं। जब शुरूआती हस्तक्षेप किया जाता है तब कुशलतापूर्वक सामना करने के तरीकों एवं रणनीतियों को उपयोग में लाया जा सकता है ताकि युवा व्यक्ति अपनी अधिगम अक्षमता को प्रबंधित करना सीख सके।

- अधिगम अक्षमता वाले युवा लोगों ने उनके आसपास की दुनिया में रहना एवं उसे निर्देशित करना सीख लिया है। वह अक्सर उस तरह की नौकरियों को खोजेंगे जो कि उनकी अधिगम अक्षमता के अनुकूल होगी।

# माता-पिता के लिए सुझाव

अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) वाले व्यक्तियों को सफलता प्राप्त करने के लिए घर, स्कूल, समुदाय और कार्यस्थल के वातावरण में अपनी व्यक्तिगत शक्तियों एवं जरूरतों के अनुसार विशेष हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है, जिसमें शामिल हैं:
- विशिष्ट कौशल निर्देश,
- प्रतिपूरक रणनीतियों का विकास,
- स्व-समर्थित कौशल विकास,
- उचित सुविधा व्यवस्था

अधिगम अक्षमता (लर्निंग डिसेबिलिटी) का निदान करना सबसे अधिक जरूरी है ताकि बच्चे में शुरूआत में ही इसका पता लगाया जा सके। इससे विद्यार्थी उन कौशलों को विकसित कर पाएंगे जो उन्हें शुरूआती समय में चाहिए थे और वे आवश्यक सहयोग को प्राप्त करेंगे।



# संपर्क करें

26-5155 Spectrum Way
Mississauga, ON L4W 5A1
टेलिफोन: (905) 272-4100
फैक्स: (905)272-4863
वेबसाइट: www.LDAPR.CA

LEARNING DISABILITY ASSOCIATION OF PEEL REGION

## संदर्भ:

Learning Disabilities Association of Peel. (n.d.). Retrieved from: https://www.ldapr.ca/

Learning Disabilities Association of Ontario. *Myths and Facts about Learning Disabilities.* (n.d.). Retrieved from: http://www.ldao.ca/myths-facts-about-learning-disabilities/

सुझाए गए उद्धरण: Freire, T. & Singh, N.R. (2020). What You Need to Know About Learning Disabilities. Mississauga, ON: Regional Diversity Roundtable.